1 بهجة الاسرار، ذكر فضل اصحابه وبشراهم، ص ١٩١

2 الجامع الصغير، ص ٢٥، حديث: ٣١١

हज़रते सय्यिदुना शैख़ अबू मुहम्मद सहल तुस्तरी عَلَيْهِ رَحمَةُ اللهِ الْقَوِى फ़रमाते हैं : ईमान की अ़लामत महब्बते बारी तआ़ला, महब्बते बारी तआ़ला की अ़लामत महब्बते कलामे बारी तआ़ला, महब्बते कलामे बारी तआ़ला की अ़लामत महब्बते महबूबे बारी तआ़ला और महब्बते महबूबे बारी तआ़ला की अ़लामत इत्तिबाए़ महबूबे बारी तआ़ला है ।[1]

पस बुन्यादी व ज़रूरी अ़क़ाइद के इलावा बेटी के दिल में कुरआनो सुन्नत की महब्बत पैदा करना ज़रूरी है ताकि बचपन ही से बारी तआ़ला व महबूबे बारी तआ़ला की महब्बत उस के दिल में पैदा हो जाए और कुरआनो सुन्नत के मुताबिक़ वोह अपनी सारी ज़िन्दगी गुज़ार दे क्यूंकि कुरआनो सुन्नत पर अ़मल ही दोनों जहां में कामयाबी का सबब है मगर याद रखिये ! कुरआने करीम पर अ़मल करने के लिये इसे सहीह पढ़ना, सीखना और समझना ज़रूरी है, मगर अफ़्सोस सद अफ़्सोस ! मख़्लूक़े ख़ुदा रब عَزَّوَجَلَّ के कलाम को पढ़ने, सीखने, समझने और इस पर अ़मल करने से बतदरीज दूर होती जा रही है और दुन्यावी तरक़्क़ी व ख़ुशहाली के लिये हर वक़्त नित नए उ़लूम व फ़ुनून सीखने सिखाने में मस्रूफ़ है । हालांकि इस की ता'लीम के मुतअ़ल्लिक़ अल्लाह عَزَّوَجَلَّ के प्यारे हबीब صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم का फ़रमाने आ़लीशान है :

1 قوت القلوب، الفصل السابع عشر، ۱/ ۱۰۴

خَیْرُکُمْ مَنْ تَعَلَّمَ الْقُرْاٰنَ وَعَلَّمَہٗ या'नी तुम में से बेहतरीन शख़्स वोह है जो कुरआन सीखे और दूसरों को सिखाए।[1] चुनान्चे वालिदैन पर लाज़िम है कि बेटी की परवरिश में कुरआनो सुन्नत की महब्बत उस के सिने में कूट कूट कर भर दें।

(3) फ़र्ज़ उ़लूम और दीनी ता'लीम

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! फ़र्ज़ उ़लूम और दीनी ता'लीम की अहम्मिय्यत के मुतअ़ल्लिक़ शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत, बानिये दा'वते इस्लामी ह़ज़रते अ़ल्लामा मौलाना अबू बिलाल मुह़म्मद इल्यास अ़त्तार क़ादिरी रज़वी ज़ियाई دَامَتْ بَرَکَاتُہُمُ الْعَالِیَہ दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक्तबतुल मदीना की मत़बूआ़ 505 सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **ग़ीबत की तबाहकारियां** के सफ़ह़ा 5 पर फ़रमाते हैं : सरकारे मदीना, क़रारे क़ल्बो सीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم का फ़रमाने अ़ज़मत निशान है : طَلَبُ الْعِلْمِ فَرِیْضَۃٌ عَلٰی کُلِّ مُسْلِمٍ या'नी इ़ल्म ह़ासिल करना हर मुसलमान पर फ़र्ज़ है।[2] यहां स्कूल कॉलेज की दुन्यवी ता'लीम नहीं बल्कि ज़रूरी दीनी इ़ल्म मुराद है, लिहाज़ा सब से पहले बुन्यादी अ़क़ाइद का सीखना फ़र्ज़ है, इस के बा'द नमाज़ के फ़राइज़ व शराइत़ व मुफ़्सिदात, फिर रमज़ानुल मुबारक की तशरीफ़ आवरी पर फ़र्ज़ होने की सूरत में रोज़ों के ज़रूरी मसाइल,

---

1 بخاری، کتاب فضائل القرآن، باب خیرکم من تعلم ... الخ، ۳/ ۴۱۰، حدیث: ۵۰۲۷

2 ابن ماجه، کتاب السنة، باب فضل العلماء ... الخ، ۱/ ۱۴۶، حدیث: ۲۲۴

जिस पर ज़कात फ़र्ज़ हो उस के लिये ज़कात के ज़रूरी मसाइल, इसी त़रह़ ह़ज फ़र्ज़ होने की सूरत में ह़ज के, निकाह़ करना चाहे तो उस के, ताजिर को ख़रीदो फ़रोख़्त के, नोकरी करने वाले को नोकरी के, नोकर रखने वाले को इजारे के, وَعلٰی ھٰذَا الْقِیاس (या'नी और इसी पर क़ियास करते हुवे) हर मुसलमान आ़क़िल व बालिग़ मर्द व औ़रत पर उस की मौजूदा ह़ालत के मुत़ाबिक़ मस्अले सीखना फ़र्ज़े ऐ़न है। इसी त़रह़ हर एक के लिये मसाइले ह़लालो ह़राम भी सीखना फ़र्ज़ है। नीज़ मसाइले क़ल्ब (बात़िनी मसाइल) या'नी फ़राइज़े क़ल्बिय्या (बात़िनी फ़राइज़) मषलन आ़जिज़ी व इख़्लास और तवक्कुल वग़ैरा और इन को ह़ासिल करने का त़रीक़ा और बात़िनी गुनाह मषलन तकब्बुर, रियाकारी, ह़सद वग़ैरह़ा और इन का इ़लाज सीखना हर मुसलमान पर अहम फ़राइज़ से है। मोहलिकात या'नी हलाकत में डालने वाली चीज़ों जैसा कि झूट, ग़ीबत, चुग़ली, बोहतान वग़ैरा के बारे में ज़रूरी मा'लूमात ह़ासिल करना भी फ़र्ज़ है ताकि इन गुनाहों से बचा जा सके।[1]

इमामे अजल्ल ह़ज़रते सय्यिदुना शैख़ अबू त़ालिब मक्की عَلَیْہِ رَحمَۃُ اللّٰہِ الْقَوِی फ़रमाते हैं : अ़मल से पहले इ़ल्म ज़रूरी है क्यूंकि अ़मल के फ़र्ज़ होने की वजह से इस का इ़ल्म ह़ासिल करना भी फ़र्ज़ हो जाता है।[2]

---

1 ग़ीबत की तबाहकारियां, स. 1

2 قوت القلوب، الفصل الحادی والثلاثون، ۱/ ۲۲۶

आदाबे ज़िन्दगी

प्यारे इस्लामी भाइयो ! बेटी की परवरिश के दौरान कुरआनो सुन्नत और कुतुबे अस्लाफ़ (बुज़ुर्गों की किताबों) में बयान कर्दा जिन आदाब की ज़रूरत पेश आ सकती है अगर इन का मुत़ालआ़ किया जाए तो हम इन्हें तीन मुख़्तलिफ़ हिस्सों में कुछ यूं तक़्सीम कर सकते हैं :

- ज़ात से मुतअ़ल्लिक़ आदाब
- ख़ान्दान से मुतअ़ल्लिक़ आदाब
- मुआ़शरे से मुतअ़ल्लिक़ आदाब

ज़ात से मुतअ़ल्लिक़ आदाब

पाकीज़गी व त़हारत को एक मुसलमान की ज़िन्दगी में जो अहम्मिय्यत ह़ासिल है इस से इन्कार मुमकिन नहीं । जैसा कि फ़रमाने बारी तआ़ला है :

وَاللّٰهُ يُحِبُّ الْمُطَّهِّرِيْنَ ﴿۱۰۸﴾

(پ۱۱، التوبة:۱۰۸)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *और सुथरे अल्लाह को प्यारे हैं ।*

नीज़ एक फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم है कि पाकीज़गी निस्फ़ ईमान है।[1] और येह मरवी है कि بُنِيَ الدِّيْنُ عَلَى النَّظَافَة या'नी दीन की बुन्याद पाकीज़गी पर है।[2] यहां त़हारत से सिर्फ़ कपड़ों का साफ़ होना ही मुराद नहीं बल्कि दिल की सफ़ाई भी मुराद है, इस लिये कि नजासत सिर्फ़ बदन या कपड़ों के साथ ख़ास नहीं बल्कि बात़िन की सफ़ाई भी शरीअ़त को मत़लूब है क्यूंकि जब तक बात़िन पाक न हो इल्मे नाफ़ेअ़ (नफ़्अ़ बख़्श इल्म) ह़ासिल नहीं होता और न ही इन्सान इल्म के नूर से रोशनी पा सकता है, लिहाज़ा बेटी की परवरिश के दौरान वालिदैन पर लाज़िम है कि वोह बेटी के ज़ाहिर की पाकी व त़हारत का एहतिमाम करने के साथ साथ उस के बात़िन की पाकीज़गी पर भी भरपूर तवज्जोह दें ताकि उस का दिल बुरी सिफ़ात से पाक रहे। मषलन ह़सद, तकब्बुर, रियाकारी, उ़जब व ख़ुद पसन्दी, झूट, ग़ीबत, चुग़ली, गाली गलोच, अमानत में ख़ियानत, बद अ़हदी वग़ैरा और इन के दुन्या व आख़िरत में नुक़्सानात से ख़ूब आगाह करें ताकि बेटी इन हलाक कर देने और जहन्नम में ले जाने वाले गुनाहों से बच सके। मगर याद रखिये ! तर्बिय्यत उस वक़्त ही फ़ाइदा देगी जब आप ख़ुद भी

---

1 ترمذی، کتاب الدعوات، ۵/۳۰۸، حدیث: ۳۵۳۰

2 الشفاء، الباب الثانی فی تکمیل محاسنه، فصل واما نظافة جسمه... الخ، ۱/۶۱

इन बातिनी गुनाहों से बचने की कोशिश करेंगे, क्यूंकि वालिदैन अगर नेक और गुनाहों से बचने वाले हों तो इन की बरकात इन के बच्चों को भी नसीब होती हैं

ख़ानदान से मुतअ़ल्लिक़ आदाब

प्यारे इस्लामी भाइयो ! इस से मुराद वोह आदाब हैं जो एक मज़बूत व ख़ुशहाल ख़ान्दान की बक़ा के लिये इन्तिहाई ज़रूरी हैं। मषलन वालिदैन का अदबो एह़तिराम और दीगर छोटों बड़ों के साथ हुस्ने सुलूक, सिलए रह़मी (रिश्तेदारों से अच्छे सुलूक) की फ़ज़ीलत और क़त्एे तअ़ल्लुक़ी की मज़म्मत वग़ैरा। इन आदाब के बजा लाने की बिना पर एक बेटी ख़ानदान भर की आंखों का तारा बन जाती है, लिहाज़ा वालिदैन पर लाज़िम है कि वोह अपनी बेटी की परवरिश में ज़र्रा भर कोताही न होने दें और बचपन ही से इस की इस्लामी तर्बिय्यत का ऐसा एहतिमाम करें कि हर कोई उन की बेटी के हुस्ने सुलूक की ता'रीफ़ करे न कि इस की बद सुलूकी व बे अदबी और बद कलामी का हर त़रफ़ चरचा हो।

बच्चे बिल ख़ुसूस बेटियां चूंकि वालिदैन से दीगर रिश्ते नातों की पहचान सीखने के साथ साथ येह भी सीखती हैं कि इन के वालिदैन अपने क़राबत दारों से किस त़रह़ पेश आते हैं, लिहाज़ा अगर आप अपने बा'ज़ क़राबत दारों से सिलए रह़मी के बजाए

क़त्ए तअ़ल्लुक़ी कर लेंगे या उन के साथ अच्छा सुलूक नहीं करेंगे तो आप की अवलाद बिल ख़ुसूस बेटियों के ज़ेहनों से इन रिश्तों का तक़द्दुस हमेशा के लिये ख़त्म नहीं तो कम ज़रूर हो जाएगा, लिहाज़ा ख़ुद भी याद रखे और अपनी बेटी को भी येह बात ख़ूब बावर करा दीजिये :

- सिलए रह्मी से **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ राज़ी होता है क्यूंकि सिलए रह्मी ख़ुद उसी का हुक्म है।
- सिलए रह्मी से फ़िरिश्ते ख़ुश होते हैं।
- सिलए रह्मी करने वाले की लोग ता'रीफ़ करते हैं।
- सिलए रह्मी से शैत़ाने लईन ग़मनाक होता है।
- सिलए रह्मी से उ़म्र और रिज़्क़ में बरकत होती है।
- सिलए रह्मी से दिली इत़्मीनान ह़ासिल होता है और ह़दीष शरीफ़ में भी है कि (फ़राइज़ की तक्मील के बा'द) अफ़्ज़ल आ'माल वोह हैं जो मोमिन की ख़ुशी का बाइ़ष बनें।(1)
- सिलए रह्मी से मह़ब्बत में ज़ियादती होती है, क्यूंकि जिन लोगों पर उस ने एह़सान किये होंगे वोह सब उस की ख़ुशी व ग़म में शरीक होंगे और उस की मदद भी करते रहेंगे जिस की वजह से बाहमी मह़ब्बत बढ़ेगी।

مدینہ

(1) المعجم الکبیر، ۱۱/ ۵۹، حدیث ۱۱۰۷۹

❁ सिलए रह़्मी मौत के बा'द भी अज्रो षवाब का बाइ़ष बनती है, क्यूंकि लोग उस की मौत के बा'द उस के एह़सानात को याद कर के उस के लिये ईसाले षवाब व दुआ़ का एहतिमाम करेंगे ।[1]

मुआ़शरे से मुतअ़ल्लिक़ आदाब

मुआ़शरा बाहम मिल जुल कर रहने वाले अफ़राद के मजमूए़ को कहते हैं जिस की बुन्याद की मुख़्तलिफ़ वुजूह हैं । मषलन बिरादरी, क़ौम, ज़बान, मज़हब और जुग़राफ़ियाई, ह़ुदूद वग़ैरा । आ़म तौ़र पर मुख़्तलिफ़ मुआ़शरों की तशकील में इजतिमाई ज़िन्दगी की बक़ा के लिये दो उमूर को बड़ी अहम्मिय्यत ह़ासिल है : एक येह कि लोग इस त़रह़ ज़िन्दगी बसर करें कि उन की ज़ात की तक्मील हो और दूसरा येह कि ऐसे उसूलो ज़वाबित़ तय्यार किये जाएं जिन के ज़रीए़ बाहमी ख़ुशगवार तअ़ल्लुक़ात क़ाइम हों । येह उसूल व ज़वाबित़ चूंकि इन्सान बनाते हैं, लिहाज़ा इन में तब्दीली की हमेशा गुन्जाइश रहती है और येह तब्दील होते भी रहते हैं, मगर इस्लामी मुआ़शरा ऐसा है जिस के बुन्यादी अ़क़ाइद और उसूले शरीअ़त में इख़्तितामे वह़्ी के बा'द कभी कोई तब्दीली आई है न आएगी, इस लिये कि येह एक ऐसी मुतवाज़िन और मो'तदिल ज़िन्दगी का नाम है जिस में इन्सानी अ़क़्ल, रुसूम व रवाज और तमाम मुआ़शरती

1 تنبیہ الغافلین، باب صلۃ الرحم، ص ۷۳، مفہوماً

आदाब वह़िये इलाही की रोशनी में त़ै पाते हैं और वह़ी के नुज़ूल का दरवाज़ा चूंकि हमेशा के लिये बन्द हो चुका है, लिहाज़ा अब इस्लामी मुआ़शरे के जो बुन्यादी ख़द्दो ख़ाल सरवरे काइनात صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की ज़बाने ह़क़्क़े तर्जुमान से बयान हुवे हैं इन में किसी क़िस्म की तब्दीली मुमकिन नहीं, अलबत्ता ! हर दौर की ज़रूरिय्यात के मुत़ाबिक़ पैदा होने वाले जदीद मसाइल का ह़ल भी क़ुरआनो सुन्नत के बयान कर्दा उसूलों से ही अख़ज़ किया जाता है। अगर येह ह़ल क़ुरआनो सुन्नत के मुख़ालिफ़ न हो बल्कि मुसलमानों की फ़लाह़ो सलाह़ से तअ़ल्लुक़ रखता हो तो इसे क़बूल कर लिया जाएगा वरना रद्द कर दिया जाएगा। चुनान्चे,

एक इस्लामी व फ़लाही मुआ़शरे की बक़ा के लिये इन्तिहाई ज़रूरी है कि उस के अफ़राद की तर्बिय्यत पर भरपूर तवज्जोह दी जाए, लिहाज़ा बेहतर येह है कि इस का आग़ाज़ मां की गोद से हो ताकि इस तर्बिय्यत के अषरात ज़िन्दगी भर बच्चे पर मुरत्तब रहें। इस तनाज़ुर में बेटी की बेहतरीन परवरिश की अहम्मिय्यत मज़ीद बढ़ जाती है क्यूंकि अगर आज उस की तर्बिय्यत में कोई कमी रह गई तो इस का इज़ाला करना नामुमकिन नहीं तो मुश्किल ज़रूर हो जाएगा।

اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ हम मुसलमान हैं और एक इस्लाम पसन्द मुआ़शरे का ह़िस्सा हैं, हमें चाहिये कि कभी भी बेटी की परवरिश में उस की मदनी तर्बिय्यत से कोताही न बरतें, उसे मुआ़शरती बुराइयों की क़बाह़तों से कमाह़क़्क़ुहू आगाह करें ताकि वोह इन से बच सके।

बचपन की आ़दत कम ही छूटती है

आज एक बाप अपनी आठ दस साला बेटी को जिस बेपर्दगी के साथ अपने हमराह एक ऐसी तक़रीब में ले जाता है, जहां मर्दों औ़रतों का इख़्तिलात़ है, मूसीक़ी और म्यूज़िक का एहतिमाम है, बे ह़या और मग़रिबी तहज़ीब की मारी लड़कियां ढोल की थाप पर निहायत ही बेहूदगी के साथ रक़्स कर रही हैं और वोह फूल जैसी बच्ची येह सब देख और सुन रही है कि येह बड़ी बड़ी लड़कियां अपने कज़िन के साथ नाच रही हैं, गाना गा रही हैं। तो उस का येही ज़ेहन बनेगा कि चूंकि यहां पर मुझे मेरा बाप ले कर आया है, लिहाज़ा ऐसी जगह जाना और नाचना गाना दुरुस्त है क्यूंकि अगर येह सब ग़लत़ होता तो मेरा बाप हरगिज़ मुझे यहां न लाता।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! हमें चाहिये कि अपनी इस्लाह़ के साथ साथ अपने घर वालों की इस्लाह़ पर भी तवज्जोह रखें और उन्हें ऐसी तक़ारीब व महाफ़िल से दूर रखें जो ख़िलाफ़े शरअ़ उमूर पर मुश्तमिल हों। इस लिये कि जो लोग वा वुजूदे क़ुदरत अपनी औ़रतों और बहनों, बेटियों को बे पर्दगी से मन्अ़ न करें वोह "दय्यूष" हैं और दय्यूष के मुतअ़ल्लिक़ जन्नत से महरूमी की वईद मरवी है। अहलो इ़याल को ख़िलाफ़े शरअ़ महाफ़िल में ले जाने वालों की तम्बीह के लिये फ़तावा रज़विय्या

शरीफ़ में मरकूम एक फ़तवे से चन्द इक़्तिबासात का मफ़्हूम पेशे ख़िदमत है । चुनान्चे,

जन्नत से महरूमी

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم (इरशाद) फ़रमाते हैं :

ثَلَاثَةٌ لَا يَدْخُلُونَ الْجَنَّةَ: اَلْعَاقُّ لِوَالِدَيْهِ وَالدَّيُّوثُ وَرَجُلَةُ النِّسَاءِ

तीन शख़्स जन्नत में न जाएंगे, मां-बाप को आज़ार (तक्लीफ़) देने वाला, दय्यूष और मर्द बनने वाली औरत ।[1]

महबूब के साथ हश्र

रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم फ़रमाते हैं :

لَا يُحِبُّ رَجُلٌ قَوْمًا اِلَّا جَعَلَهُ اللهُ مَعَهُمْ जो जिस क़ौम से महब्बत रखेगा **अल्लाह** तआ़ला उसे उन्हीं के साथ कर देगा ।[2] और फ़रमाते हैं : مَنْ اَحَبَّ قَوْمًا حَشَرَهُ اللهُ فِيْ زُمْرَتِهِمْ जो जिस क़ौम से दोस्ती करेगा **अल्लाह** तआ़ला उसे उन्हीं के गुरौह में उठाएगा ।[3] और फ़रमाते हैं : اَلْمَرْءُ مَعَ مَنْ اَحَبَّ आदमी अपने दोस्त के साथ होगा ।[4]

---

1. مستدرك، كتاب الايمان، ١٠٨ ثلاثة لايدخلون الجنة، ١/٢٥٢، حديث: ٢٥٢
2. مسند احمد، مسند السيدة عائشه، ٩/ ٤٧٨، حديث: ٢٥١٧٥
3. المعجم الكبير، ٣/١٩، حديث: ٢٥١٩
4. بخاری، كتاب الادب، باب علامة حب الله، ٤/ ١٤٧، حديث: ٦١٦٨

बनी इस्राईल की तबाही के अस्बाब

बनी इस्राईल में पहली ख़राबी जो आई वोह येह थी कि इन में एक शख़्स दूसरे से मिलता तो उस से कहता : يَا هٰذَا! اِتَّقِ اللّٰهَ وَدَعْ مَا تَصْنَعُ فَاِنَّهٗ لَا يَحِلُّ لَكَ या'नी ऐ शख़्स ! अल्लाह عَزَّوَجَلَّ से डर और अपने काम से बाज़ आ कि येह ह़लाल नहीं । फिर दूसरे दिन उस से मिलता और वोह अपने उसी ह़ाल पर होता तो येह उस को अपने साथ खाने पीने और पास बैठने से न रोकता । पस जब वोह येह काम करने लगे तो अल्लाह तआ़ला ने उन के दिल बाहम एक दूसरे पर मारे कि मन्अ़ करने वालों का ह़ाल भी उन्हीं ख़त़ा वालों के मिष्ल हो गया । फिर फ़रमाया :

لُعِنَ الَّذِيْنَ كَفَرُوْا مِنْۢ بَنِيْٓ اِسْرَآءِيْلَ عَلٰى لِسَانِ دَاوٗدَ وَعِيْسَى ابْنِ مَرْيَمَ ؕ ذٰلِكَ بِمَا عَصَوْا وَّكَانُوْا يَعْتَدُوْنَ ﴿۷۸﴾ كَانُوْا لَا يَتَنَاهَوْنَ عَنْ مُّنْكَرٍ فَعَلُوْهُ ؕ لَبِئْسَ مَا كَانُوْا يَفْعَلُوْنَ ﴿۷۹﴾

(پ۶، المائدۃ: ۷۸، ۷۹)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *बनी इस्राईल के काफ़िर ला'नत किये गए दावूद व ईसा बिन मरयम की ज़बान पर, येह बदला है उन की नाफ़रमानियों और ह़द से बढ़ने का, वोह आपस में एक दूसरे को बुरे काम से न रोकते थे, अलबत्ता वोह सख़्त बुरी ह़रकत थी कि वोह करते थे ।* (1)

مدینہ

1 ابوداود، کتاب الملاحم، باب الامر والنھی، ۴/ ۱۶۲، حدیث: ۴۳۳۶

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ फ़रमाता है :

وَ اِمَّا یُنْسِیَنَّكَ الشَّیْطٰنُ فَلَا تَقْعُدْ بَعْدَ الذِّكْرٰى مَعَ الْقَوْمِ الظّٰلِمِیْنَ ﴿۶۸﴾ (پ۷، الانعام:۶۸)	**तर्जमए कन्ज़ुल ईमान :** *और अगर शैतान तुझे भुला दे तो याद आने पर ज़ालिमों में मत बैठ।*

तफ़्सीरे अह़मद में है : ज़ालिम लोग बद मज़हब फ़ासिक़ और काफ़िर हैं इन सब के साथ बैठना मन्अ़ है।[1]

नाज़ुक शीशियां

औ़रत मोम की नाक बल्कि राल (चीड़का गुंद) की पुड़या बल्कि बारूद की डिब्बिया है, आग के एक अदना से लगाऊ में भक़ से हो जाने (या'नी फ़ौरन जल जाने) वाली है। अ़क़्ल भी नाक़िस और दीन भी नाक़िस और त़ीनत (या'नी बुन्याद) में कजी (टेढ़ापन) और शहवत (ख़्वाहिशे नफ़्स) में मर्द से सो हिस्से बेशी (ज़ाइद) और सोह़बते बद का अषरे मुस्तक़िल मर्दों को बिगाड़ देता है। फिर इन नाज़ुक शीशियों का क्या कहना जो ख़फ़ीफ़ (या'नी मा'मूली सी) ठेस से पाश पाश हो जाएं। येह सब मज़मून या'नी इन अ़वरात का नाक़िशातुल अ़क़्ल वद्दीन और कच त़ब्अ़ और शहवत

1 تفسیراتِ احمدیہ، ص۳۸۸

में ज़ाइद और नाज़ुक शीशियां होना सहीह़ ह़दीषों में इरशाद हुवे हैं और सोह़बते बद के अषर में तो ब कषरत अह़ादीषे सहीह़ा वारिद हैं। अज़ां जुम्ला येह ह़दीषे जलील कि मिश्काते ह़िक्मते नबुव्वत की नूरानी क़िन्दील है। फ़रमाते हैं : अच्छे मुसाह़िब और बुरे हमनशीन की कहावत ऐसी है जैसे मुश्क वाला और लूहार की भट्टी, कि मुश्क वाला तेरे लिये नफ़्अ़ से ख़ाली नहीं या तो तू उस से ख़रीदेगा कि ख़ुद भी मुश्क वाला हो जाएगा वरना ख़ुश्बू तो ज़रूर पाएगा और लूहार की भट्टी तेरा घर फूंक देगी या कपड़े जला देगी या कुछ नहीं तो इतना होगा कि तुझे बदबू पहुंचे। अगर तेरे कपड़े इस से काले न हुवे तो धुंवां तो ज़रूर पहुंचेगा।[1]

फ़ोह़ूश गीत शैत़ानी रस्म और काफ़िरों की रीत है। शैत़ान मलऊ़न बे ह़या है और अल्लाह عَزَّوَجَلَّ कमाल ह़या वाला। बे ह़याई की बात से ह़या वाला नाराज़ होगा और वोह बे ह़या का उस्ताद उन्हें अपना मस्ख़रा बनाएगा। ह़दीष में है रसूलुल्लाह صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم (इरशाद) फ़रमाते हैं : اَلْجَنَّةُ حَرَامٌ عَلٰى كُلِّ فَاحِشٍ اَنْ يَّدْخُلَهَا जन्नत हर फ़ोह़ूश बकने वाले पर ह़राम है।[2]

مدینہ

1 بخاری، کتاب البیوع، باب فی العطار وبیع المسک، ۲/ ۲۰، حدیث: ۲۱۰۱

2 موسوعة الامام ابن ابی الدنیا، کتاب الصمت وآداب اللسان، باب ذم الفحش والبذاء، ۷/ ۲۰۴، حدیث: ۳۲۵

यूंही बे ज़रूरत व ह़ाजते शरइय्या लोगों से फ़ोह़्श कलामी भी ना जाइज़ व ख़िलाफ़े ह़या है। रसूलुल्लाह صَلَّى اللّٰهُ تَعَالٰی عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم (इरशाद) फ़रमाते हैं :

اَلْحَيَاءُ مِنَ الْاِيْمَانِ وَالْاِيْمَانُ فِي الْجَنَّةِ، وَالْبَذَاءُ مِنَ الْجَفَاءِ وَالْجَفَاءُ فِي النَّارِ

ह़या ईमान से है और ईमान जन्नत में है और फ़ोह़्श बकना बे अदबी है और बे अदबी दोज़ख़ में है।(1)

مَا كَانَ الْفُحْشُ فِي شَيْءٍ قَطُّ اِلَّا شَانَهُ، وَلَا كَانَ الْحَيَاءُ فِي شَيْءٍ قَطُّ اِلَّا زَانَهُ फ़ोह़्श जब किसी चीज़ में दख़्ल पाएगा उसे ऐबदार कर देगा और ह़या जब किसी चीज़ में शामिल होगी उस का सिंगार कर देगी।(2) (3)

गुनाहगार कौन ?

प्यारे इस्लामी भाइयो ! याद रखिये ! नाबालिग़ शरई अह़काम का मुकल्लफ़ नहीं लिहाज़ा उस का गुनाह शुमार नहीं लेकिन वालिदैन या सरपरस्त अगर बच्चों को ऐसी जगह ले गए जहां बे पर्दगी व बेह़याई और गाने बाजे वग़ैरा गुनाहों का सिलसिला है जैसा कि फ़ी ज़माना आ़म तक़ारीब का ह़ाल है तो उस ले जाने वाले पर अपने गुनाह के साथ साथ इस ना बालिग़ को ले जाने का गुनाह भी होगा। नीज़ येह बच्चा या बच्ची जिस को बचपन ही से

مدینہ

1. ترمذی، کتاب البر والصلۃ، باب ماجاء فی الحیاء، ۳/۴۰۶، حدیث: ۲۰۱۶
2. ترمذی، کتاب البر والصلۃ، باب ماجاء فی الفحش والتفحش، ۳/۳۹۲، حدیث: ۱۹۸۱ بتغیر
3. فتاویٰ رضویہ، ۲۲/۲۱۰ تا ۲۱۵

आप इस त़रह़ का माह़ोल फ़राहम कर रहे हैं सिने शुऊ़र को पहुंच कर इन आ़दतों को इख़्तियार करेंगे तो इस का सबब भी आप ही बने। फिर जब इसे समझाएंगे कि येह अफ़्आ़ल ग़लत़ और ख़िलाफ़े शरअ़ हैं तो इस के ज़ेह्न में येह सुवाल पैदा होगा कि अगर येह ग़लत़ था तो मेरे वालिद मुझे क्यूं बचपन से ऐसी जगहों पर ले जाते रहे। चुनान्चे, आ'ला ह़ज़रत इमामे अहले सुन्नत عَلَيْهِ رَحْمَةُ رَبِّ الْعِزَّت लिखते हैं कि बचपन से जो आ़दत पड़ती है कम छूटती है तो अपने नाबालिग़ बच्चों को ऐसी नापाकियों से न रोकना उन के लिये مَعَاذَاللّٰه जहन्नम का सामान तय्यार करना और ख़ुद सख़्त गुनाह में गिरिफ़्तार होना है। **अल्लाह** तआ़ला ने फ़रमाया :

يٰۤاَيُّهَا الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا قُوْۤا اَنْفُسَكُمْ وَ اَهْلِيْكُمْ نَارًا وَّ قُوْدُهَا النَّاسُ وَ الْحِجَارَةُ عَلَيْهَا مَلٰٓىٕكَةٌ غِلَاظٌ شِدَادٌ لَّا يَعْصُوْنَ اللّٰهَ مَاۤ اَمَرَهُمْ وَ يَفْعَلُوْنَ مَا يُؤْمَرُوْنَ ۝٦

(پ۲۸، التحریم: ۶)

तर्जमए कन्ज़ुल ईमान : *ऐ ईमान वालो ! अपनी जानों और अपने घर वालों को उस आग से बचाओ जिस के ईंधन आदमी और पथ्थर हैं इस पर सख़्त करें (दुरुश्त ख़ू) फ़िरिश्ते मुक़र्रर हैं जो **अल्लाह** का हुक्म नहीं टालते और जो उन्हें हुक्म हो वोही करते हैं।* (1)

مدینہ

1 (फ़तावा रज़विय्या, जि. 22/215)

फ़ेशन की ख़राबियां

फ़ी ज़माना इस्लामी बहनों के लिबास में फ़ेशन के नाम पर जो ख़राबियां पैदा हो रही हैं वोह किसी पर मख़्फ़ी नहीं। ह़त्ता कि मज़हबी माह़ोल से वाबस्ता औ़रतें भी शादी बियाह की तक़ारीब व महाफ़िल में ऐसे लिबास पहनती हैं कि अल अमान वल ह़फ़ीज़। अफ़्सोस ! सद अफ़्सोस ! पर्दा करना तो कुजा ! जिन आ'ज़ा का छुपाना वाजिब है फ़ेशन के नाम पर उन को भी कमा ह़क़्क़ुहू नहीं छुपाया जाता। ह़ालांकि औ़रत से मुराद ही छुपाने की चीज़ है। इस का सब से बड़ा सबब येह है कि मुसलमानों ने इस्लामी तहज़ीब से नाता तोड़ कर मग़रिबी तहज़ीब से रिश्ता जोड़ लिया है। क्यूंकि इस्लामी तहज़ीब में तो क़ल्ब व निगाह को पाक रखने की ताकीद मरवी है और कभी भी इस त़रह़ की नाम निहाद आज़ादी नहीं दी गई। येही वजह है कि उम्मुल मोअमिनीन ह़ज़रते सय्यिदतुना आइशा सिद्दीक़ा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا ने इरशाद फ़रमाया : अगर **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के मह़बूब, दानाए ग़ुयूब صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم (इस बनाव सिंघार को) देख लेते जो औ़रतों ने अब ईजाद कर लिया है तो उन को (मस्जिद में आने से) मन्अ़ फ़रमा देते।[1]

अ़ल्लामा बदरुद्दीन मह़मूद बिन अह़मद ऐनी ह़नफ़ी عَلَیۡہِ رَحۡمَۃُ اللّٰہِ الۡقَوِی (मुतवफ़्फ़ा **855** हि.) इस ह़दीषे पाक की शर्ह़ में तह़रीर फ़रमाते हैं : अगर उम्मुल मोअमिनीन ह़ज़रते सय्यिदतुना आइशा सिद्दीक़ा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا इस बनाव सिंघार को देख लेतीं

---

1 بخاری، کتاب الاذان، باب انتظار الناس قیام الامام العالم، ۱ / ۳۰۰، حدیث: ۸۶۹

जो इस ज़माने की बिल ख़ुसूस शहरी औ़रतों ने ईजाद कर लिया है और अपनी ज़ेबाइश और नुमाइश में ग़ैर शरई त़रीक़े और मज़मूम बिदआ़त निकाल ली हैं, तो वोह औ़रतों की बहुत ज़ियादा मज़म्मत फ़रमातीं ।[1]

मा'लूम हुवा फ़ेशन के नाम पर हर दौर में औ़रतों ने कोई न कोई नया काम ज़रूर किया जिस की मज़म्मत उस वक़्त की सालिह़ात ने अपना फ़र्ज़े मन्सबी जान कर ज़रूर की, लिहाज़ा आइये ! इस्लामी तारीख़ के पुरबहार गुलिस्तान में झांक कर अपनी बुज़ुर्ग ख़वातीन की ह़याते त़य्यिबा से चन्द मदनी फूल चुनते हैं कि जिन की ख़ुश्बू से हम अपनी बेटियों की परवरिश के दौरान उन की ज़िन्दगियों को महका सकें । चुनान्चे,

ख़ातूने जन्नत की परवरिश

सब से पहले हमें येह याद रखना चाहिये कि इमामुल अम्बिया, मह़बूबे किब्रिया صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم ने अपनी शहज़ादी ह़ज़रते सय्यिदतुना ख़ातूने जन्नत, बीबी फ़ातिमा ज़हरा رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهَا की जो मदनी तर्बिय्यत फ़रमाई हर इस्लामी बहन को इसे पेशे नज़र रखना चाहिये । इस लिये कि आप رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهَا सरवरे काइनात صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की आंखों की ठन्डक थीं, आप कहीं सफ़र पर तशरीफ़ ले जाना चाहते तो सब से आख़िर में अपनी शहज़ादी से मिल कर रवाना होते और वापसी में सब से पहले आप رَضِیَ اللهُ تَعَالٰی عَنْهَا

1 عمدۃ القاری، ابواب صفۃ الصلوۃ، باب انتظار الناس قیام الامام العالم، ۴/ ۶۴۹، تحت الحدیث: ۸۶۹

के पास तशरीफ़ लाते । चुनान्चे, आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا ने हादिये आ़लम صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की तर्बिय्यत का ह़क़ अदा करते हुवे शादी के बा'द अपने शोहर की ख़िदमत और घर के काम काज के साथ साथ अपने शहज़ादों की जो मदनी तर्बिय्यत फ़रमाई اَلۡحَمۡدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ दुन्या आज भी इस की अ़ज़मत की गवाह है और اِنۡ شَآءَ اللّٰہ عَزَّوَجَلَّ ता क़ियामे क़ियामत रहेगी । चुनान्चे, आ'ला ह़ज़रत عَلَیۡہِ رَحۡمَۃُ رَبِّ الۡعِزَّت आप رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا के घराने की अ़ज़मत को ख़िराजे अ़क़ीदत पेश करते हुवे फ़रमाते हैं :

क्या बात रज़ा उस चमनिस्ताने करम की
ज़हरा है कली जिस में ह़ुसैन और ह़सन फूल

शहज़ादिये कौनेन رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا की ह़याते त़य्यिबा के बे शुमार महकते मदनी फूलों में से आप की ह़याते त़य्यिबा के आख़िरी अय्याम का सिर्फ़ येही एक वाक़िआ़ काफ़ी है जिसे शैख़े त़रीक़त, अमीरे अहले सुन्नत دَامَتۡ بَرَکَاتُہُمُ الۡعَالِیَہ ने दा'वते इस्लामी के इशाअ़ती इदारे मक्तबतुल मदीना की मत़बूआ़ **397** सफ़ह़ात पर मुश्तमिल किताब **''पर्दे के बारे में सुवाल जवाब''** के सफ़ह़ा **200** पर कुछ यूं नक़्ल फ़रमाया है : सरकारे मदीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم के विसाले ज़ाहिरी के बा'द ख़ातूने जन्नत, शहज़ादिये कौनैन, ह़ज़रते सय्यिदतुना फ़ातिमा ज़हरा رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا पर ग़मे मुस्त़फ़ा का इस क़दर ग़लबा

हुवा कि आप के लबों की मुस्कुराहट ही ख़त्म हो गई ! अपने विसाल से क़ब्ल सिर्फ़ एक ही बार मुस्कुराती देखी गई । इस का वाक़िआ कुछ यूं है : ह़ज़रते सय्यिदतुना ख़ातूने जन्नत رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا को येह तश्वीश थी कि उ़म्र भर तो ग़ैर मर्दों की नज़रों से ख़ुद को बचाए रखा है अब कहीं बा'दे वफ़ात मेरी कफ़न पोश लाश ही पर लोगों की नज़र न पड़ जाए ! एक मौक़अ़ पर ह़ज़रते सय्यिदतुना अस्मा बिन्ते उ़मैस رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا ने कहा : मैं ने ह़बशा में देखा है कि जनाज़े पर दरख़्त की शाख़ें बांध कर एक डोली की सी सूरत बना कर उस पर पर्दा डाल देते हैं । फिर उन्हों ने खजूर की शाख़ें मंगवा कर उन्हें जोड़ कर उस पर कपड़ा तान कर सय्यिदा ख़ातूने जन्नत رَضِیَ اللّٰہُ تَعَالٰی عَنۡہَا को दिखाया । आप बहुत ख़ुश हुईं और लबों पर मुस्कुराहट आ गई । बस येही एक मुस्कुराहट थी जो सरकारे मदीना صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم के विसाले ज़ाहिरी के बा'द देखी गई ।[1]

बिन्ते सईद बिन मुसय्यब की परवरिश

ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحۡمَۃُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیۡہ की साह़िब ज़ादी पैकरे हुस्नो जमाल थी, आप ने अपनी बेटी की तर्बिय्यत इस त़रह़ फ़रमाई कि वोह न सिर्फ़ कुरआने पाक की ह़ाफ़िज़ थी बल्कि हुज़ूर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیۡہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم की सुन्नतों को भी बहुत ज़ियादा जानने

मदीना

1 पर्दे के बारे में सुवाल जवाब, स. 200 ब ह़वाला जज़्बुल क़ुलूब मुतरजिम, स. 231

वाली थी। अगर येह कहा जाए कि वोह सूरत के साथ साथ हुस्ने सीरत की दौलत से भी माला माल थी तो बेजा न होगा। चुनान्चे, येही वजह है कि ख़लीफ़ा अ़ब्दुल मलिक बिन मरवान ने आप से आप की इस बेटी के लिये अपने बेटे वलीद की शादी का पैग़ाम भेजा मगर आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه ने इन्कार कर दिया, ख़लीफ़ा ने बहुत कोशिश की, कि किसी त़रह़ आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه राज़ी हो जाएं लेकिन आप बराबर इन्कार फ़रमाते रहे, फिर वोह ज़ुल्मो सितम पर उतर आया और एक सर्द रात उस ज़ालिम ने आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه को **100** कोड़े मारे और ऊन का जुब्बा पहना कर आप رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه पर ठन्डा पानी डलवा दिया मगर फिर भी आप ने अपनी बेटी का रिश्ता न दिया। आप ने अपनी बेटी को बचपन से जो पाकीज़गी व त़हारत का दर्स दिया था आप नहीं चाहते थे कि वोह इस दुन्या की चकाचोंद में भूल जाए। येही वजह थी कि आप ने अपनी इस बेटी का निकाह़ अपने एक शागिर्द ह़ज़रते सय्यिदुना अबू वदाआ़ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه से फ़रमाया जो इन्तिहाई ग़रीब थे।

ह़ज़रते सय्यिदुना अबू वदाआ़ رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه ख़ुद अपनी इस शादी का वाक़िआ़ कुछ यूं बयान फ़रमाते हैं कि मैं ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُ اللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْه की मह़फ़िल में बाक़ाइदगी से ह़ाज़िर हुवा करता था, फिर चन्द दिन ह़ाज़िर न हो सका। जब दोबारा

आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ के पास ह़ाज़िर हुवा तो आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने पूछा इतने दिन कहां थे ? मैं ने अ़र्ज़ की : मेरी अहलिय्या का इन्तिक़ाल हो गया था बस इसी परेशानी में चन्द दिन ह़ाज़िरी की सआ़दत ह़ासिल न हो सकी। येह सुन कर आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने फ़रमाया : मुझे इत्तिलाअ़ क्यूं नहीं दी कि मैं भी जनाज़े में शिर्कत कर लेता ? ह़ज़रते सय्यिदुना अबू वदाआ़ رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाते हैं : इस पर मैं ख़ामोश रहा। जब मैं ने रुख़्सत चाही तो आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने फ़रमाया : क्या दूसरी शादी करना चाहते हो ? मैं ने अ़र्ज़ की : हुज़ूर ! मैं बहुत ग़रीब हूं, मेरे पास ब मुश्किल चन्द दिरहम होंगे, मुझ जैसे ग़रीब की शादी कौन करवाएगा। तो आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ फ़रमाने लगे : मैं तेरी शादी करवाऊंगा। मैं ने ह़ैरान होते हुवे अ़र्ज़ की : क्या आप मेरी शादी कराएंगे ? फ़रमाया : हां ! मैं तेरी शादी कराऊंगा। फिर आप رَحْمَةُاللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ ने **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ की ह़म्द बयान की और हुज़ूर صَلَّی اللّٰہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم पर दुरूदो सलाम पढ़ा और मेरी शादी अपनी बेटी से करा दी। मैं वहां से उठा और घर की त़रफ़ रवाना हुवा। मैं इतना ख़ुश था कि मेरी समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करूं, फिर मैं सोचने लगा कि मुझे किस किस से अपना क़र्ज़ा वुसूल करना है, इसी त़रह़ मैं आने वाले लम्ह़ात के बारे में सोचने लगा फिर मैं ने मग़रिब की नमाज़ मस्जिद में अदा की और

दोबारा घर आ गया। मैं घर में अकेला ही था, फिर मैं ने ज़ैतून का तेल और रोटी दस्तरख़्वान पर रख कर खाना शुरूअ़ ही किया था कि दरवाज़े पर दस्तक हुई। मैं ने पूछा : कौन? आवाज़ आई : सईद। मैं समझ गया कि ज़रूर येह ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ही होंगे। इतनी देर में वोह अन्दर तशरीफ़ ले आए। मैं ने अ़र्ज़ की : आप मुझे पैग़ाम भेज देते, मैं ख़ुद ही ह़ाज़िर हो जाता। फ़रमाने लगे : नहीं! तुम इस बात के ज़ियादा ह़क़दार हो कि तुम्हारे पास आया जाए। मैं ने अ़र्ज़ की : फ़रमाइये! मेरे लिये क्या हुक्म है? आप رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने फ़रमाया : अब तुम ग़ैर शादी शुदा नहीं हो, तुम्हारी शादी हो चुकी है, मैं इस बात को नापसन्द करता हूं कि तुम शादी हो जाने के बा'द भी अकेले ही रहो, फिर एक त़रफ़ हटे तो मैं ने देखा कि उन की बेटी उन के पीछे खड़ी थी। उन्हों ने उस का हाथ पकड़ा और कमरे में छोड़ आए और मुझे फ़रमाया : येह तुम्हारी ज़ौजा है। इतना कहने के बा'द तशरीफ़ ले गए। मैं दरवाज़े के क़रीब गया और जब इत़्मीनान हो गया कि आप رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه जा चुके हैं तो वापस कमरे में आ कर उस शर्मो ह़या की पैकर को ज़मीन पर बैठे हुवे पाया।

मैं ने जल्दी से ज़ैतून के तेल और रोटियों वाला बरतन उठा कर एक त़रफ़ रख दिया ताकि वोह इसे न देख सके। फिर मैं अपने मकान की छत पर चढ़ कर अपने पड़ोसियों को आवाज़ देने लगा।

थोड़ी ही देर में सब जम्अ़ हो गए और पूछने लगे : क्या परेशानी है ? मैं ने जब बताया कि ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने अपनी बेटी से मेरी शादी करा दी है और वोह अपनी बेटी को मेरे घर छोड़ गए हैं तो लोगों ने बे यक़ीनी से पूछा : क्या वाक़ेई ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه ने तुझ से अपनी बेटी की शादी कराई है ? मैं ने कहा : अगर यक़ीन नहीं आता तो मेरे घर आ कर देख लो, उन की बेटी मेरे घर में मौजूद है। येह सुन कर सब मेरे घर आ गए। जब मेरी वालिदा को येह मा'लूम हुवा तो वोह भी फ़ौरन ही आ गईं और मुझ से फ़रमाने लगीं : अगर तीन दिन से पहले तू इस के पास गया तो तुझ पर मेरा चेहरा देखना ह़राम है। मैं तीन दिन इन्तिज़ार करता रहा, चौथे दिन जब गया और उसे देखा तो बस देखता ही रह गया। वोह हुस्नो जमाल का शाहकार थी, क़ुरआने पाक की ह़ाफ़िज़ा, हुज़ूर صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم की सुन्नतों को बहुत ज़ियादा जानने वाली और शोहर के हुक़ूक़ को बहुत ज़ियादा पहचानने वाली थी। इसी त़रह़ एक महीना गुज़र गया। न तो ह़ज़रते सय्यिदुना सईद बिन मुसय्यब رَحْمَةُاللهِ تَعَالٰی عَلَيْه मेरे पास आए और न ही मैं ह़ाज़िर हो सका, फिर मैं ही उन के पास गया। वोह बहुत सारे लोगों के झुरमट में जल्वा फ़रमा थे, सलाम जवाब के बा'द मजलिस के ख़त्म होने तक उन्हों ने मुझ से कोई बात न की,

जब सब लोग जा चुके और मेरे इ़लावा कोई और न बचा तो उन्हों ने मुझ से फ़रमाया : उस इन्सान को कैसा पाया ? मैं ने अ़र्ज़ की : हु़ज़ूर ! (आप رَحْمَةُ اللّٰہِ تَعَالٰی عَلَیْہ की बेटी ऐसी सिफ़ात की ह़ामिल है कि) शायद कोई दुश्मन ही उसे नापसन्द करे वरना दोस्त तो ऐसी चीज़ों को पसन्द करते हैं। फ़रमाया : अगर वोह तुझे तंग करे तो लाठी से इस्लाह़ करना। फिर जब मैं घर की त़रफ़ रवाना हुवा तो उन्हों ने मुझे बीस हज़ार दिरहम दिये जिन्हें ले कर मैं घर चला आया।(1)

अल्लाह عَزَّوَجَلَّ की उन पर रह़मत हो और उन के सदक़े हमारी बे ह़िसाब मग़फ़िरत हो।

मीठे मीठे इस्लामी भाइयो ! औ़रत के लिये बनाव सिंघार करना तो जाइज़ है मगर उस पर लाज़िम है कि अपने शोहर के लिये चार दीवारी के अन्दर रहते हुवे बने संवरे, ग़ैर मर्दों को दिखाने के लिये नहीं। लेकिन अफ़्सोस ! आज कल घर में तो सादे और मैले कुचेले कपड़े पहने जाते हैं मगर बाहर जाना हो तो अच्छे से अच्छे कपड़े पहनने की कोशिश की जाती है। लिहाज़ा निय्यत कर लीजिये कि जैसा शरीअ़त ने तर्बिय्यत व परवरिश करने का हुक्म दिया है اِنْ شَآءَاللّٰہ عَزَّوَجَلَّ हम अपनी बेटी की उसी त़रह़ परवरिश करने की कोशिश करेंगे और उस को ऐसी बा पर्दा मुबल्लिग़ा बनाएंगे जो इस्लामी बहनों में मदनी इन्क़िलाब बरपा करेगी।

(1) عُیونُ الحکایات، الحکایۃ السابعۃ والعشرون، ۱/ ۸۰ مفہوماً

नसीहत ब वक़्ते रुख़्सत

हज़रते सय्यिदतुना अस्मा बिन्ते ख़ारिज़ा फ़ज़ारी رَحْمَةُاللّٰهِ تَعَالٰی عَلَیْهَا ने अपनी बेटी को शादी के बा'द घर से रुख़्सत करते वक़्त नसीहत आमोज़ मदनी फूलों का जो गुलदस्ता अ़ता फ़रमाया ऐ काश ! हर मां येह मदनी फूल अपनी बेटी को रुख़्सती के वक़्त याद करा दे। येह मदनी फूल कुछ यूं हैं :

❁ बेटी तू जिस घर में पैदा हुई अब यहां से रुख़्सत हो कर एक ऐसी जगह (या'नी शोहर के घर) जा रही है जिस से तू वाक़िफ़ नहीं और एक ऐसे साथी (या'नी शोहर) के पास जा रही है जिस से मानूस नहीं।

❁ उस के लिये ज़मीन बन जाना वोह तेरे लिये आस्मान होगा।

❁ उस के लिये बिछौना बन जाना वोह तेरे लिये सुतून होगा।

❁ उस के लिये कनीज़ बन जाना वोह तेरा ग़ुलाम होगा।

❁ उस से कम्बल की त़रह़ चिमट न जाना कि वोह तुझे ख़ुद से दूर कर दे।

❁ उस से इस क़दर दूर भी न होना कि वोह तुझे भुला ही दे।

❁ अगर वोह क़रीब हो तो क़रीब हो जाना और अगर दूर हटे तो दूर हो जाना।

❁ उस के नाक, कान और आंख (या'नी हर त़रह़ के राज़) की

हिफ़ाज़त करना कि वोह तुझ से सिर्फ़ तेरी ख़ुश्बू सूंघे (या'नी राज़ की हिफ़ाज़त और वफ़ादारी पाए)।

❁ वोह तुझ से सिर्फ़ अच्छी बात ही सुने और सिर्फ़ अच्छा काम ही देखे।[1]

इन मदनी फूलों से वोह माएं नसीहत हासिल करें जो बेटियों के घर को जन्नत बनाने के अच्छे मश्वरे देने के बजाए शोहर, नन्दों और सास पर हुकूमत करने के तरीक़े सिखाती हैं। फिर जब बेटी इन मश्वरों पर अमल करने की कोशिश करती है तो फ़ितना फ़साद की एक ऐसी आग भड़क उठती है कि दोनों घराने इस की लपेट में आ जाते हैं। अल्लाह عَزَّوَجَلَّ हमें अपनी अवलाद की मदनी तर्बिय्यत करने की तौफ़ीक़ मरहमत फ़रमाए और इस (तहरीरी) बयान को हमारे लिये ज़ख़ीरए आख़िरत बनाए।

अपनी अवलाद की इस्लामी उसूलों के मुताबिक़ तर्बिय्यत करने के लिये दा'वते इस्लामी का मदनी माहोल किसी ने'मत से कम नहीं, लिहाज़ा ख़ुद भी दा'वते इस्लामी के मदनी माहोल से वाबस्ता रहे और अपने अहलो इयाल को भी इस महके महके मदनी माहोल से वाबस्ता रखे, क्यूंकि दा'वते इस्लामी के मदनी माहोल से वाबस्ता हो कर बे शुमार लोगों की ज़िन्दगियां बदल चुकी हैं, आप भी अपनी और अपने अहलो इयाल की ज़िन्दगियों में ख़ुशगवार मदनी तब्दीली पैदा करने के लिये फ़ैज़ाने औलिया से

مدینہ

1 احیاء علوم الدین، کتاب آداب النکاح، القسم الثانی من ھذا الباب النظر فی حقوق الزوج، ۲/ ۷۵

माला माल दा'वते इस्लामी के मदनी माहोल से वाबस्ता हो जाइये और अपने शहर में होने वाले दा'वते इस्लामी के हफ़्तावार सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ में पाबन्दी से शिर्कत फ़रमाइये फिर देखिये आप पर कैसा मदनी रंग आता है ! तरग़ीब के लिये दा'वते इस्लामी के हफ़्तावर सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ की एक मदनी बहार पेशे ख़िदमत है ।

सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ की मदनी बहार

पंजाब (पाकिस्तान) की एक इस्लामी बहन के बयान का लुब्बे लुबाब है कि मैं गाने बाजे सुनने की बहुत शौक़ीन थी । मेरे पास गानों की बहुत सारी केसिटें और किताबें जम्अ़ थीं बल्कि मैं ख़ुद भी गाने लिखती थी । फ़िल्मों डिरामो की ऐसी दीवानी थी कि लगता था शायद इन के बिग़ैर (مَعَاذَاللہ عَزَّوَجَلَّ) मैं जी न सकूंगी । अफ़्सोस ! निगाहों की हिफ़ाज़त का बिल्कुल भी ज़ेहन नहीं था । **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ के करम से बिल आख़िर गुनाहों भरी ज़िन्दगी से कनारा कशी की सूरत बन ही गई, हुवा यूं कि मैं ने दा'वते इस्लामी के इस्लामी बहनों के हफ़्तावार सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ में शिर्कत की सआ़दत ह़ासिल की । इस सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ में होने वाले बयान, दुआ़ और इस्लामी बहनों की इनफ़िरादी कोशिश के मदनी फूलों ने मेरे दिल में मदनी इन्क़िलाब बरपा कर दिया । اَلْحَمْدُ لِلّٰہ عَزَّوَجَلَّ मैं ने अपने गुनाहों से तौबा की और सुन्नतों भरी ज़िन्दगी गुज़ारने के लिये

दा'वते इस्लामी के मदनी माहोल से वाबस्ता हो गई। ता दमे तह़रीर ह़ल्क़ा ज़िम्मेदार की ह़ैषिय्यत से सुन्नतों की ख़िदमत की सआ़दत ह़ासिल कर रही हूं।

करम जो आप का ऐ सय्यिदे अबरार हो जाए
तो हर बदकार बन्दा दम में नेकूकार हो जाए

अपनी बेटियों को बिल्कुल इस क़िस्म की किसी तक़रीब और दा'वत में न ले कर जाइये जहां ख़िलाफ़े शरअ़ काम होते हों, जहां उस के अख़्लाक़िय्यात बरबाद हों जहां उस की आख़िरत बरबाद हो। हम सब को कोशिश करनी है, इस बे ह़याई का मुक़ाबला करना है और हम निय्यत करें मेरे घर की कोई इस्लामी बहन बेटी उठेगी और इस्लामी बहनों में मदनी इन्क़िलाब लाएगी। **अल्लाह** عَزَّوَجَلَّ हम सब को अ़मल की तौफ़ीक़ अ़ता फ़रमाए।

اٰمِین بِجاہِ النَّبِیِّ الْاَمین صَلَّی اللہ تعالٰی علیہ واٰلہٖ وسلَّم

सोह़बते बद का असर

फ़रमाने मुस्त़फ़ा صَلَّی اللہُ تَعَالٰی عَلَیْہِ وَاٰلِہٖ وَسَلَّم है : बुरे **मसाह़िब** (साथी, हमनशीन) से बच कि तू उसी के साथ पहचाना जाएगा या'नी जैसे लोगों के पास आदमी की निशस्त व बरख़ास्त होती है, लोग उसे वैसा ही जानते हैं।

(کنز العمال، کتاب الصحبة، قسم الاقوال، الباب الثالث فی الترهیب عن صحبة السوء، ۹/ ۱۹، حدیث: ۲۴۸۳۹)

مآخذومراجع

نمبر شمار	کتاب	مصنف / مولف / مطبوعہ
1	قرآن مجید	کلام باری تعالیٰ مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی
2	کنز الایمان	اعلیٰ حضرت امام احمد رضا خان، متوفی ۱۳۴۰ھ، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی
3	تفسیراتِ احمدیہ	شیخ احمد بن ابی سعید ملّا جیون جونپوری، متوفی ۱۱۳۰ھ، پشاور
4	روح المعانی	شہاب الدین سید محمود آلوسی، متوفی ۱۲۷۰ھ، دار احیاء التراث العربی، بیروت ۱۴۲۰ھ
5	مسند امام احمد	امام احمد بن محمد بن حنبل، متوفی ۲۴۱ھ، دار الفکر، بیروت ۱۴۱۴ھ
6	سنن الدارمی	امام حافظ عبد اللہ بن عبد الرحمن دارمی، متوفی ۲۵۵ھ، دار الکتاب العربی، بیروت ۱۴۰۷ھ
7	صحیح بخاری	امام ابو عبد اللہ محمد بن اسماعیل بخاری، متوفی ۲۵۶ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت

8	صحیح مسلم	امام مسلم بن حجاج قشیری، متوفی ۲۶۱ھ دار ابن حزم، بیروت ۱۴۱۹ھ
9	سنن ابن ماجه	امام ابو عبد اللہ محمد بن یزید ابن ماجه، متوفی ۲۷۳ھ، دار المعرفه، بیروت ۱۴۲۰ھ
10	سنن ترمذی	امام ابو عیسٰی محمد بن عیسٰی ترمذی، متوفی ۲۷۹ھ، دار الفکر، بیروت ۱۴۱۴ھ
11	سنن ابی داود	امام ابو داود سلیمان بن اشعث سجستانی، متوفی ۲۷۵ھ، دار احیاء التراث العربی، بیروت ۱۴۲۱ھ
12	موسوعة ابن ابی الدنیا	حافظ امام ابو بکر عبد اللہ بن محمد قُرشی، متوفی ۲۸۱ھ، مکتبة العصریه، بیروت ۱۴۲۶ھ
13	مسند ابی یعلی	احمد بن علی بن مثنی موصلی، متوفی ۳۰۷ھ، دار الکتب العلمیة، بیروت ۱۴۱۸ھ
14	المعجم الصغیر	امام ابو القاسم سلیمان بن احمد طبرانی، متوفی ۳۶۰ھ، دار الکتب العلمیة، بیروت ۱۴۰۴ھ
15	المعجم الکبیر	امام ابو القاسم سلیمان بن احمد طبرانی، متوفی ۳۶۰ھ، دار احیاء التراث العربی، بیروت ۱۴۲۲ھ

16	مستدرک	امام محمد بن عبد اللہ حاکم نیشاپوری، متوفی ۴۰۵ھ، دار المعرفہ، بیروت ۱۴۱۸ھ
17	حلیۃ الاولیاء	ابو نعیم احمد بن عبد اللہ اصفہانی شافعی، متوفی ۴۳۰ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۱۹ھ
18	شعب الایمان	امام ابو بکر احمد بن حسین بن علی بیہقی، متوفی ۴۵۸ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت
19	شرح السنۃ	امام ابو محمد حسین بن مسعود بغوی، متوفی ۵۱۶ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۲۴ھ
20	مجمع الزوائد	حافظ نور الدین علی بن ابی بکر ہیثمی، متوفی ۸۰۷ھ، دار الفکر، بیروت
21	الجامع الصغیر	حافظ جلال الدین عبد الرحمن بن ابی بکر السیوطی، متوفی ۹۱۱ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت
22	شرح صحیح مسلم	امام محی الدین ابو زکریا یحیی بن شرف نووی، متوفی ۶۷۶ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۰۱ھ
23	عمدۃ القاری	امام بدر الدین ابو محمد محمود بن احمد عینی، متوفی ۸۵۵ھ، دار الفکر، بیروت ۱۴۱۸ھ

24	اشعۃ اللمعات	شیخ محقق عبد الحق محدث دھلوی، متوفی ۱۰۵۲ھ، کوئٹہ ۱۳۳۲ھ
25	نزھۃ القاری	علامہ مفتی محمد شریف الحق امجدی، متوفی ۱۴۲۰ھ، فرید بک سٹال مرکز الاولیاء لاھور ۱۴۲۱ھ
26	فتاوی رضویہ	اعلیٰ حضرت امام احمد رضا خان، متوفی ۱۳۴۰ھ، رضا فاؤنڈیشن مرکز الاولیاء لاھور
27	ملفوظاتِ اعلیٰ حضرت	اعلیٰ حضرت امام احمد رضا خان، متوفی ۱۳۴۰ھ، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی
28	بہارِ شریعت	مفتی محمد امجد علی اعظمی، متوفی ۱۳۶۷ھ، مکتبۃ المدینہ باب المدینہ کراچی
29	الشفا بتعریف حقوق المصطفی	قاضی ابو الفضل عیاض مالکی، متوفی ۵۴۴ھ، مرکز اھلسنت برکات رضا ھند ۱۴۲۳ھ
30	تنبیہ الغافلین	فقیہ ابو اللیث نصر بن محمد سمرقندی، متوفی ۳۷۳ھ، دار الکتاب العربی، بیروت ۱۴۲۰ھ
31	قوت القلوب	شیخ ابو طالب محمد بن علی مکی، متوفی ۳۸۶ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۲۶ھ

32	احیاء علوم الدین	امام ابو حامد محمد بن محمد غزالی، متوفی ۵۰۵ھ، دار صادر، بیروت
33	عیون الحکایات	امام عبد الرحمن بن علی ابن جوزی، متوفی ۵۹۷ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۲۴ھ
34	بھجۃ الاسرار	ابو الحسن نور الدین علی بن یوسف شطنوفی، متوفی ۷۱۳ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۲۳ھ
35	روض الریاحین	امام عبد اللہ بن اسعد یافعی، متوفی ۷۶۸ھ، دار الکتب العلمیۃ، بیروت ۱۴۲۱ھ
36	غیبت کی تباہ کاریاں	حضرت علامہ مولانا محمد الیاس قادری دَامَتْ بَرَکَاتُہُمُ الْعَالِیَہ، باب المدینہ کراچی
37	پردے کے بارے میں سوال جواب	حضرت علامہ مولانا محمد الیاس قادری دَامَتْ بَرَکَاتُہُمُ الْعَالِیَہ، باب المدینہ کراچی

नेक सोहबत का असर

फ़रमाने सूफ़ियाए किराम رَحِمَهُمُ اللهُ السَّلَام : नेक सोहबत सारी इबादात से अफ़्ज़ल है, देखो सहाबए किराम عَلَيْهِمُ الرِّضْوَان सारे जहां के औलिया से अफ़्ज़ल हैं क्यूं ? इस लिये कि वोह सोहबत याफ़्ताए जनाबे मुस्तफ़ा صَلَّى اللهُ تَعَالٰى عَلَيْهِ وَاٰلِهٖ وَسَلَّم हैं। (مرآۃ المناجیح، ۳/ ۳۱۲)

फ़ेहरिस्त

उ़नवान	सफ़ह़ा	उ़नवान	सफ़ह़ा
दुरूद शरीफ़ की फ़ज़ीलत	1	तीन बेटियों की परवरिश पर इन्आ़म	13
अनोखी शहज़ादी	2	अल्लाह عَزَّوَجَلَّ ने जन्नत वाजिब कर दी	14
यक़ीने कामिल की बहारें	3	बेटियों या बहनों की परवरिश पर इन्आ़म	14
शैख़ शाह किरमानी का तआ़रुफ़	4	मक़ामे शुक्र	15
अ़ज़ीम बाप की अ़ज़ीम बेटी	5	बेटी की परवरिश के मदनी फूल	16
क़ब्लअज़ इस्लाम औ़रत की हैषिय्यत	6	(1) बेटी की पैदाइश पर रद्दे अ़मल	16
ज़िन्दा दफ़्न करने की क़बीह़ रस्म का आग़ाज़	7	(2) कान में अज़ान	18
		(3) तह़नीक	20
बेटियों को दफ़्न करने की चन्द वुजूहात	8	(4) अच्छा नाम रखना	21
		(5) बाल मुंडवाना व अ़क़ीक़ा करना	24
बेटियों को मिला इस्लाम का साइबान	11	(6) रिज़्क़े ह़लाल खिलाना	25
बेटियों के फ़ज़ाइल पर मुश्तमिल फ़रामीने मुस्त़फ़ा	12	(7) अच्छी बातें सिखाना	26
		(8) ता'लीम व इस्लामी तर्बिय्यत	27
एक बेटी की परवरिश पर इन्आ़म	13	(1) बुन्यादी व ज़रूरी अ़क़ाइद की ता'लीम	30

(2) कुरआनो सुन्नत की ता'लीम	35	बनी इस्राईल की तबाही के अस्बाब	47
(3) फ़र्ज़ उ़लूम और दीनी ता'लीम	37	नाज़ुक शीशियां	48
आदाबे ज़िन्दगी	39	गुनाहगार कौन ?	50
ज़ात से मुतअ़ल्लिक़ आदाब	39	फ़ेशन की ख़राबियां	52
ख़ानदान से मुतअ़ल्लिक़ आदाब	41	ख़ातूने जन्नत की परवरिश	53
मुआ़शरे से मुतअ़ल्लिक़ आदाब	43	बिन्ते सईद बिन मुसय्यब की परवरिश	55
बचपन की आ़दत कम ही छूटती है	45	सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ की मदनी बहार	63
जन्नत से महरूमी	46	माख़ज़ो मराजेअ़	65
महबूब के साथ ह़श्र	46	फ़ेहरिस्त	70

कोई देख तो नहीं रहा !

ह़ज़रते सय्यिदुना फ़र्क़द सबख़ी رَحْمَةُ اللهِ تَعَالٰى عَلَيْه फ़रमाते हैं : मुनाफ़िक़ जब देखता है कि कोई (उसे देखने वाला) नहीं है तो वोह बुराई की जगहों में दाख़िल हो जाता है वोह इस बात का तो ख़याल रखता है कि लोग उसे न देखें मगर अल्लाह عَزَّوَجَلَّ देख रहा है इस बात का लिहाज़ नहीं करता।

(احیاء العلوم، کتاب المراقبۃ والمحاسبۃ، المرابطۃ الثانیۃ المراقبۃ، ۵/۱۳۰، ملخصاً)

दा'वते इस्लामी की मर्कज़ी मजलिसे शूरा के निगरान ह़ज़रते मौलाना मुह़म्मद इमरान अ़त्तारी سلّمه الباری के तह़रीरी बयानात

त़ब्अ़ शुदा व ज़ेरे तब्अ़ बयानात

﴾1﴿ फ़ैज़ाने मुर्शिद (सफ़ह़ात : 46)	﴾13﴿ जन्नत की तय्यारी (सफ़ह़ात : 134)
﴾2﴿ एह़सासे ज़िम्मेदारी (सफ़ह़ात : 50)	﴾14﴿ वक़्फ़े मदीना (सफ़ह़ात :86)
﴾3﴿ मदनी कामों की तक़्सीम (सफ़ह़ात : 68)	﴾15﴿ मदनी कामों की तक़्सीम के तक़ाज़े (सफ़ह़ात : 73)
﴾4﴿ मदनी मश्वरे की अहम्मिय्यत (सफ़ह़ात : 32)	﴾16﴿ सूद और उस का इ़लाज (सफ़ह़ात : 92)
﴾5﴿ सीरते सय्यिदुनाअबुदरदा رضی اللہ تعالیٰ عنہ (सफ़ह़ात : 75)	﴾17﴿ प्यारे मुर्शिद (सफ़ह़ात : 48)
﴾6﴿ बुराइयों की मां (सफ़ह़ात : 112)	﴾18﴿ फ़ैसला करने के मदनी फूल (सफ़ह़ात : 56)
﴾7﴿ ग़ैरत मन्द शोहर (सफ़ह़ात : 48)	﴾19﴿ जामेअ़ शराइ़त पीर (सफ़ह़ात : 88)
﴾8﴿ सह़ाबी की इनफ़िरादी कोशिश (सफ़ह़ात : 124)	﴾20﴿ कामिल मुरीद (सफ़ह़ात : 48)
﴾9﴿ पीर पर ए'तिराज़ मन्अ़ है (सफ़ह़ात : 60)	﴾21﴿ अमीरे अहले सुन्नत की दीनी ख़िदमात (सफ़ह़ात : 480)
﴾10﴿ जन्नत का रास्ता (सफ़ह़ात : 56)	﴾22﴿ हमें क्या हो गया है ? (कुल सफ़ह़ात :**116**)
﴾11﴿ मक़्सदे ह़यात (कुल सफ़ह़ात : 60)	﴾23﴿ मौत का तसव्वुर (कुल सफ़ह़ात :**44**)
﴾12﴿ सदक़े का इन्आ़म (कुल सफ़ह़ात : 60)	﴾24﴿ गुनाहों की नुहूसत

ज़ेरे तरतीब तह़रीरी बयानात

(**1**) **एक आंख वाला आदमी**	(**2**) **गुनाहों की नुहूसत**

याद दाश्त

(दौराने मुत़ालआ़ ज़रूरतन अन्डर लाइन कीजिये, इशारात लिख कर सफ़्ह़ा नम्बर नोट फ़रमा लीजिये । إن شاء الله عزوجل इल्म में तरक़्क़ी होगी ।)

‌उ़नवान	सफ़्ह़ा	‌उ़नवान	सफ़्ह़ा

اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِيْنَ وَالصَّلٰوةُ وَالسَّلَامُ عَلٰى سَيِّدِ الْمُرْسَلِيْنَ اَمَّا بَعْدُ فَاَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ



सुन्नत की बहारें

اَلْحَمْدُ لِلّٰه عَزَّوَجَلَّ तब्लीग़े कुरआनो सुन्नत की आ़लमगीर ग़ैर सियासी तह़रीक दा'वते इस्लामी के महके महके मदनी माह़ोल में ब कषरत सुन्नतें सीखी और सिखाई जाती हैं, हर जुमा'रात इशा की नमाज़ के बा'द आप के शहर में होने वाले दा'वते इस्लामी के हफ़्तावार सुन्नतों भरे इजतिमाअ़ में रिज़ाए इलाही के लिये अच्छी अच्छी निय्यतों के साथ सारी रात गुज़ारने की मदनी इल्तिजा है, आ़शिक़ाने रसूल के मदनी क़ाफ़िलों में ब निय्यते षवाब सुन्नतों की तर्बिय्यत के लिये सफ़र और रोज़ाना "फ़िक्रे मदीना" के ज़रीए मदनी इन्आ़मात का रिसाला पुर कर के हर मदनी माह के इबतिदाई दस दिन के अन्दर अन्दर अपने यहां के ज़िम्मेदार को जम्अ़ करवाने का मा'मूल बना लीजिये, اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ इस की बरकत से पाबन्दे सुन्नत बनने, गुनाहों से नफ़रत करने और ईमान की ह़िफ़ाज़त के लिये कुढ़ने का ज़ेहन बनेगा।

हर इस्लामी भाई अपना येह ज़ेहन बनाए कि "मुझे अपनी और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश करनी है।" اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ अपनी इस्लाह़ की कोशिश के लिये "मदनी इन्आ़मात" पर अ़मल और सारी दुन्या के लोगों की इस्लाह़ की कोशिश के लिये "मदनी क़ाफ़िलों" में सफ़र करना है। اِنْ شَآءَ اللّٰه عَزَّوَجَلَّ

-: मक्तबतुल मदीना की शाख़ें :-

❁... अह़मदाबाद :- फ़ैज़ाने मदीना, तीकोनी बाग़ीचे के सामने, मिरज़ापूर, अह़मदाबाद-1, फ़ोन : 9327168200
❁... मुम्बई :- 19 - 20, मुह़म्मद अ़ली रोड, मांडवी पोस्ट ऑफ़िस के सामने, मुम्बई, फ़ोन : 022-23454429
❁... नागपूर :- सैफ़ी नगर रोड़, ग़रीब नवाज़ मस्जिद के सामने, मोमिन पूरा, नागपूर फ़ोन : 9326310099
❁... अजमेर :- 19 / 216 फ़लाह़े दारैन मस्जिद के क़रीब, नला बाज़ार, स्टेशन रोड, दरगाह, फ़ोन : (0145) 2629385
❁... हुबली :- A.J मुधल कोम्पलेक्स, A.J मुधल रोड, ओल्ड हुबली, कर्नाटक - फ़ोन : 08363244860
❁... हैदराबाद :- मक्तबतुल मदीना, मुग़ल पूरा, पानी की टंकी, हैदराबाद, फ़ोन : (040) 2 45 72 786
❁... बनारस :- अल्लू की मस्जिद के पास, अम्बा शाह की तकया, मदन पूरा, बनारस, फ़ोन : 09369023101

MAKTABATUL MADINA
421, URDU MARKET, MATYA MAHAL, JAMA MASJID
DELHI - 110006, PH : 011-23 284560
email : maktabadelhi@gmail.com
web : www.dawateislami.net

MC 1286